प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

3Days Course on "TOT on ICT Basic Course for RPA & Other Training Centre" Online & Offline (Hybrid Mode)

दिनांक 22-06-2026 से 24-06-2026

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 22-06-2026 से 24-06-2026 तक "TOT on ICT Basic Course for RPA & Other Training Centre" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्चुअल क्लास रूम में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न ट्रेनिग सेन्टरों से 25 प्रशिक्षणार्थी ऑफलाईन व 98 प्रशिक्षणार्थी ऑनलाईन जिसमें 12 पुलिस निरीक्षक, 15 उप निरीक्षक, 23 हैड कानिस्टेबल व 62 कानिस्टेबल ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रीमान संजीब कुमार नार्जारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा ऑडिटोरियम में सामूहिक कोर्स का शुभारम्भ करवाया गया। अति. निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया एवं सहायक निदेशक (प्रशासन) राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा श्रीमान जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्रथम दिन के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में श्री रोहित शर्मा, टेक्निकल इंजिनियर, आरपीए, जयपुर ने कंप्यूटर की सामान्य जानकारी, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट पोडियम व नेटवर्किंग इंटरनेट (WAN), इंटरनेट (LAN), वाई-फ़ाई, ब्लूटूथ, हॉट-स्पॉट के बारे में विस्तार से समझाया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र मे श्री सांवर मल, कानिस्टेबल, SCRB, (PHQ), जयपुर द्वारा ई-ऑफिस, एसएसओ पोर्टल, राजकाज: छुट्टी, आईपीआर, एपीआर, आईएफएमएस 3.0 (टीए), D-फ्लो, राजमेल के बारे में बताया। द्वितीय सत्र मे श्री राकेश मीणा, AAO, सामान्य शाखा आरपीए, जयपुर ने ई-ऑफिस- ई-फाइल : नोटशीट, DFA, डिजिटल सिग्नेचर, ई-डाक के बार में अपने व्याख्यान दिये एवं तृतीय सत्र में श्री रोहित शर्मा, टेक्निकल इंजिनियर, आरपीए, जयपुर ने सोशल मीडिया टूल्स, WhatsApp ग्रुप, Webex, Google Meet, Google Form और लिंक बनाना इत्यादि के बारे में विस्तार से समझाया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री रोहित शर्मा, टेक्निकल इंजिनियर, आरपीए, जयपुर ने वेबसाइट्स की जानकारी, DOP - अधिकारियों के CV के लिए सिविल लिस्ट, iLovepdf, Pi7 - PDF को Word में बदलने और स्प्लीट या मर्ज करने के बारे में समझाया। द्वितीय सत्र में मन दीपक यादव, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर (कोर्स डायरेक्टर) द्वारा वेबसाइट्स की जानकारी, राजस्थान पुलिस: अधिकारियों के संपर्क नंबर, ऑफिस का पता, सिलेबस से जुड़े स्थायी आदेश; राजस्थान पुलिस अकादमी- अध्ययन सामग्री के बारे में विस्तार से बताया।

तृतीय दिन के समापन सत्र में कॉन्फ्रेस हॉल नम्बर-1 में मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार IPS, डिप्टी डायरेक्टर आरपीए जयपुर द्वारा कोर्स से सम्बन्धित चर्चा की गई एवं कोर्स संबंधी विषय का फिल्ड में महत्व के बारे में बताया। प्रतिभागियों से तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाठयक्रम का फीडबैक लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण प्रदान किये गये। समापन सत्र के अन्त में श्री पूनम चंद बिश्नोई सहायक निदेशक (स़ीडीपीएसएम) राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक